तापमान
अधिकतम 18.8 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

11 वीबीएसए-2025 देश की उच्च शिक्षा पर गंभीर...

12 शिविर में आने वाली हर समस्या का प्रभावी...

खबर संक्षेप

ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड न्यूनतम पारा फिर गिरा

हिसार। जिले में हल्की बारिश व ओलावृष्टि के कारण ठंड एक बार फिर से बढ़ गई है। गुरुवार को रात्रि पारा लुढ़क कर 5.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जोकि बुधवार के मुकाबले करीब 6 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम में आए बदलाव के साथ सुबह के समय हिसार व आस पास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आगामी 4 फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। वहीं शुक्रवार व शनिवार तक शीत हवा चल सकती है। 31 जनवरी देर रात्रि व 1 फरवरी को ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरज चमक के साथ कहीं हल्की व कहीं मध्यम बारिश की संभावना भी है।

एसपी ने किया मॉक ड्रिल का निरीक्षण

हांसी। पुलिस लाइन में पुलिस जवानों को नियमित रूप से प्रशिक्षण, हथियार अभ्यास तथा मॉक ड्रिल करवाई जा रही है। पुलिस जवानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन गुरुवार को स्वयं पुलिस लाइन पहुंचे और जवानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जवानों एवं लाइन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस लाइन में विशेष योग प्रशिक्षण शिविर

हांसी। पुलिस लाइन हांसी में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें तनाव-मुक्त, संतुलित एवं सकारात्मक कार्यशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षक ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

स्वच्छता नियम तोड़ने पर काटे 12 लोगों के चालान

हिसार। नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार ने खुले में कचरा डालने पर सेक्टर 14 गेट नंबर 2 के सामने एक व्यक्ति का चालान किया। एएसआई विजेता ने खुले में कचरा डालने पर बस स्टेंड के नजदीक तीन दुकानदारों के चालान किए। एएसआई सरोज ने खुले में कचरा डालने पर ओल्ड कोर्ट कंपलेक्स क्षेत्र के तीन दुकानदारों का चालान किए। एएसआई प्रवीन, दरोगा सुदेश, एचएसआई रेखा ने पटेल नगर पीएलए क्षेत्र में पांच दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर चालान किए। इसके अलावा टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सुनी जनसमस्याएं

हिसार। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने गुरुवार को जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। जनसंवाद से पूर्व विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की विमान हादसे में हुई मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया गया व दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, सरोज सिहाग, नरेश नैन, लोकेश असीजा, सुरेंद्र सिंह सैनी, कृष्ण बिश्नोई, दीनदयाल गोरखपुरिया, प्रोमिला पुनिया, सज्जन शर्मा, सतीश सुरलिया आदि मौजूद थे।

सरकार के नए फरमान पेंशनधारकों के लिए बने आफत

5 हजार से अधिक पात्रों की पेंशन पर लगी रोक

रोजाना 200 से ज्यादा प्रभावित लोग अपना दुखड़ा सुनाने पहुंच रहे लघु सचिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

समाज कल्याण विभाग से बुढ़ापा, विधवा, दिव्यांग समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रहे पेंशनधारकों के लिए सरकार के आए दिन जारी होने वाले नए फरमान जी का जंजाल बने हुए हैं। हाल ही में हिसार जिले में करीब 5 हजार पेंशनधारकों की पेंशन रोक दी गई है। पेंशन बंद होने से सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों पर पड़ा है। इससे प्रभावित लोग ठंड में कंपकंपाते अपने पेंशन फिर से शुरू कराने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अलग-अलग पेंशन रोके या फिर काटे जाने से प्रभावित करीब 200 लोग रोजाना समाज कल्याण विभाग में अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं।

खासकर बुढ़ापे में पेंशन का सहारा छीन जाने से लोग सरकार को कोसते नजर आ रहे हैं। कई पेंशनधारक तो बैंक खाते से जुड़ी जानकारी मिसमैच होने से भी परेशान है। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों की पेंशन काटी गई है, उनमें वे लोग शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय फैमिली आईडी में 3 लाख से अधिक दिखाई गई है। ग्रामीण इलाकों के लाल डेरे में 400 गज से अधिक का प्लाट होने पर भी फैमिली आईडी में आय में इजाफा किया जा रहा है। यह भी पेंशन काटने का कारण बन रहा है। प्रभावित पेंशनधारकों ने आरोप लगाया है कि आय सत्यापन का कोई ठोस और पारदर्शी आधार नहीं है, फिर भी उनकी पेंशन रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी में दिखाई जा रही आय वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है। जानकारी के अनुसार हर महीने की 20 तारीख के बाद सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अलग-अलग पेंशन संबंधित पेंशनधारकों के बैंक खातों में समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी कर दी जाती है। इस बार हजारों की संख्या में पेंशनधारकों की पेंशन खाते में नहीं आने पर उनका माथा ठनक गया। प्रभावित पेंशनधारक बैंक खाते में पेंशन नहीं आने का कारण पूछने बैंक जाते हैं तो बैंक कर्मचारी उन्हें समाज कल्याण विभाग में पता करने की बात कहकर लघु सचिवालय भेज देते हैं। यहां विभाग के कार्यालय में पहुंचने पर लंबी लाइन में लगने और घंटों इंतजार के बाद कर्मचारी बताते हैं कि परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 3 लाख से अधिक होने के कारण पेंशन रोक दी है। कुछ को कहा जाता है कि परिवार पहचान पत्र में बुढ़ापा पेंशन धारक अपने नाम के आगे सीनियर सिटीजन ओल्ड एज पेंशनर लिखवाकर लाएं।

हिसार। पेंशन रोके जाने का कारण जानने पहुंचे प्रभावित लोग। *फोटो : हरिभूमि*

जानें क्या हैं पेंशन रोकने के कारण

- फैमिली आईडी में वार्षिक आय 3 लाख के पार होने से।
- आधार से लिंक जीरो बैलेंस के बंद पड़े बैंक खाते फैमिली आईडी में दर्शाने के कारण।
- ग्रामीण एरिया में लाल डेरे में 400 गज का प्लाट होने पर फैमिली आईडी में आय बढ़ना।
- फसल बिक्री में आय से फैमिली आईडी में वार्षिक आय 3 लाख के पार पहुंचने से।

बैंक खाते मिसमैच होने से बढ़ीं दिक्कतें

बुजुर्ग बताते है कि लंबे समय से जिस बैंक खाते में उनकी पेंशन आ रही थी, उस खाते में विभाग ने इस बार पेंशन नहीं डाली। विभाग के कार्यालय में आने के बाद पता चला कि फैमिली आईडी के साथ उन्होंने कई वर्ष पहले जीरो बैलेंस पर खुलवाए गए बैंक खाते को जोड़ा हुआ है, जोकि अभी ऑपरेट भी नहीं हो रहा। विभाग के कर्मचारियों ने सुझाव दिया है कि या तो जीरो बैलेंस खाते को फिर से शुरू करवाया जाए या बैंक जाकर उसे बंद करवाओ, तभी पेंशन नियमित रूप से पहले वाले बैंक खाते में ही आएगी। ऐसे में अब उन्हें विभाग के साथ अलग-अलग बैंकों में भी भटकने को मजबूर होना पड़ेगा।

सुबह से टेबल-टेबल लगा रहा गुहार

शहर के विजय नगर निवासी 86 वर्षीय वृद्ध नंदलाल ने बताया कि मैं करीब 26 साल से पेंशन ले रहा हूं। मेरे आस पास के तकरीबन सभी बुजुर्ग पेंशनधारकों की पेंशन उनके खाते में आ चुकी है, लेकिन मेरी पेंशन इस बार खाते में नहीं आई। बैंक वालों ने मुझे समाज कल्याण विभाग में भेज दिया। यहां में सुबह से कभी इस टेबल तो कभी उसे टेबल में कर्मचारियों से रोकी गई पेंशन को फिर से जारी करने के लिए गुहार लगा रहा हूं। अधिकारी नए-नए नियम लागू करके बुजुर्गों को ठंड में परेशान करने में लगे हुए हैं।

मेरी आई और मगर पत्नी की पेंशन रोकी

पुरानी सब्जी मंडी निवासी करीब 75 वर्षीय सरदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मैं और मेरी पत्नी गुरुबचन कौर समाज कल्याण विभाग से बुढ़ापा पेंशन ले रहे हैं। इस बार मेरी पेंशन तो बैंक खाते में आ गई, लेकिन पत्नी की पेंशन रोक दी गई। पत्नी चलने में असमर्थ है, इसलिए वह पत्नी की पेंशन की अपडेट जानने के लिए विभाग में आया था। हम पति-पत्नी अकेले रहते हैं और पेंशन के भरोसे ही गुजारा चल रहा था। रोकी गई पेंशन कब मिलेगा, पता नहीं। फिलहाल उनके सामने नहीं परेशानी खड़ी हो गई है।

फैमिली आईडी में अपडेट नहीं

हांसी जिले के गांव कुलाना निवासी करीब 68 वर्षीय बुजुर्ग राजेंद्र सिंह ने बताया कि मैं अपनी बुढ़ापा पेंशन निकलवाने के लिए बैंक में गया तो बैंक वालों ने बताया कि इस बार आपकी पेंशन खाते में नहीं आई है। समाज कल्याण विभाग में जाकर पेंशन नहीं आने का कारण का पता चलेगा। इसके बाद मैं वहां पहुंचा तो विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि पहले अपने परिवार पहचान पत्र में अपने नाम के आगे के कॉलम में सीनियर सिटीजन ओल्ड एज पेंशन अपडेट करवाकर ले आओ। उसके बाद विभाग की तरफ से पेंशन डाली जाएगी। रोकी गई पेंशन के लिए इधर से उधर चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

- कार क्षतिग्रस्त होने और टायर फटने पर चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के बाइपास स्थित राजकीय महिला कॉलेज के पास हुए दर्दनाक हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। हादसा तेज रफ्तार एक कार द्वारा ऑटो को टक्कर मार देने से हुआ। गुरुवार दोपहर हुए इस हादसे के बाद अर्टिगा चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर 1-4 के पास स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी लगभग 52 वर्षीय रणधीर राजकीय महिला कॉलेज के पास सवारियां उतारने के बाद यू-टर्न ले रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो रणधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल ऑटो चालक को नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में शामिल कार टैक्सी बताई जा रही है। टक्कर के कारण कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और एक टायर भी फट गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ऑटो व कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। हादसे के बाद यातायात भी प्रभावित रहा। मृतक की पत्नी चाय की रेहड़ी लगती है। उसकी बेटी की भी कुछ माह पहले मौत हो गई थी। अब उसके दो बेटे हैं। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कार चालक की तलाश की जा रही है।

हिसार। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो।

खरकड़ी के दलबीर की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

- चैनत के ओम उर्फ ओमप्रकाश के रूप में हुई आरोपी की पहचान, उससे मृतक का फोन भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चैनत के खेतों में मृत मिले खरकड़ी निवासी दलबीर की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान चैनत के ओम उर्फ ओमप्रकाश के रूप में हुई है।

उप-निरीक्षक कपिल ने बताया कि खरकड़ी निवासी दलबीर का शव 26 जनवरी की रात चैनत गांव के खेतों में मिला था। मृतक के पुत्र की शिकायत पर सदर थाना हांसी में केस दर्ज किया था, लेकिन मामले की जांच अपराध शाखा हांसी कर रही है। जांच के दौरान एकत्रित साक्ष्यों एवं तकनीकी आधार पर कार्रवाई कर पुलिस ने ओम उर्फ ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ के बाद घटना स्थल की निशानदेही करवाई गई। उसके पास मृतक का फोन मिला है, जिसे पुलिस कब्जे में लेकर जांच में शामिल कर लिया है।

हांसी। दलबीर की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण गली में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

- खांडा खेड़ी में बुजुर्ग महिला के हत्यारों का कोई सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गांव खांडा खेड़ी में 27 जनवरी की शाम को रिटायर्ड फौजी की बुजुर्ग पत्नी के जेवर लूटकर उसकी हत्या के मामले में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस की अलग-अलग टीमें हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन फिलहाल दो दिन बीत जाने के बाद भी हत्यारों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। एसपी ने परिजनों से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी से लगी हुई है। वारदात का जल्द से जल्द खुलासा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बता दें कि गांव खांडा खेड़ी निवासी 60 वर्षीय कमला की गला दबाकर हत्या कर दी थी।

हत्या के पीछे अभी तक यही कारण सामने आ रहा है कि कमला ने जो जेवर पहने हुए थे उसको लूटने के लिए ही इस वारदात को अंजाम दिया गया हो। पुलिस ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट भी लिए हैं। वारदात को सुलझाने के लिए सीआईए हांसी, सीआईए नारनौंद, स्पेशल स्टाफ और नारनौंद थाना प्रभारी रमेश कुमार की टीम हर उस एंगल पर काम कर रही है, जोकि इस वारदात से जुड़ा हुआ हो, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कोई ठोस सबूत नहीं लग पाया है। पुलिस गली में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।

नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में घटनास्थल पर निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

सोने की 10 अंगूठियां, चेन व लाखों की नकदी भी गायब

मृतक महिला के छोटे बेटे मोहित ने पुलिस को बताया था कि उसकी मां ने जो गहने पहने थे, वे गायब मिले, जबकि घर की अलमारी में रखे 2.20 लाख रुपये और सोने के जेवर सुरक्षित मिले थे। मोहित बताया कि बाद में जब घर में रखे बैग को चेक किया तो उसमें से उसकी मां की सोने की 10 अंगूठियां, चेन और 1.20 लाख 20 रुपये गायब मिले। हत्यारा वारदात के बाद जेवर और नकदी लेकर फरार हो गया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगी। मोहित के अनुसार वह 26 जनवरी को बाहर गया था। 27 जनवरी की शाम को घर पर पहुंचा तो मां चारपाई से नीचे मृत पड़ी थी। पुलिस अधीक्षक भी घर पर आए थे। सभी ने हत्यारे को जल्द पकड़ने के लिए गुहार लगाई है।

हाईकोर्ट से बेल मिलने पर फिर शुरू की भ्रूण लिंग जांच

- पहले भी सात बार हो चुकी है पीएनडीटी एक्ट में कार्रवाई
- 8वीं बार बालाजी अस्पताल आजाद नगर में पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार के आजाद नगर में छापे के दौरान पकड़े गए डॉ. अनंतराम बरवाला का नाम क्षेत्र में नया नहीं है। वे लंबे समय से चिकित्सा पेशे से जुड़े रहे हैं, लेकिन उन पर बार-बार भ्रूण लिंग जांच जैसे गंभीर आरोप लगते रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इससे पहले उनके खिलाफ पिछले दो दशकों में पीएनडीटी एक्ट के तहत 7 मामले दर्ज हो चुके हैं। इसके बावजूद उनका नाम समय-समय पर फिर सामने आता रहा, जिससे विभागीय निगरानी भी बढ़ी।

गुरुवार को आजाद नगर क्षेत्र में उन्हें 8वीं बार डॉ. अनामिका बिश्नोई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग जांच करते पकड़ा है। हाईकोर्ट ने डॉ. अनंतराम को कुछ माह पहले ही जमानत दी थी। डॉ. अनंतराम बरवाला के बेटे का निधन हो गया था। उन्होंने हाईकोर्ट मे बेल याचिका लगाई थी। बेल मिलने पर उन्होंने फिर भ्रूण लिंग जांच का कार्य शुरू कर दिया।

जजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं अनंतराम

डॉक्टर अनंतराम ने वर्ष 2024 में जेजेपी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन इस चुनाव में उन्हें निराशा हाथ लगी थी और वे 500 वोट भी नहीं ले पाए थे। अनंतराम का बड़ा बेटा आस्ट्रेलिया में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उनकी पुत्रवधु ही बरवाला में क्लिनिक संभालती है। डॉ. अनंतराम बरवाला पर 1999 में भ्रूण लिंग जांच मामले में पहला केस दर्ज हुआ था। इसके बाद अनंतराम पर 2015 में दूसरी बार केस दर्ज हुआ था। इस दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। इस मामले में डॉक्टर पर 28 जून 2015 को हिसार शहर थाना में एफआईआर हुई। इसी तरह 5 मई 2016 बरवाला थाना में तीसरी एफआईआर, 18 दिसंबर 2018 को बरवाला थाना में ही चौथी एफआईआर और 14 जुलाई, 2021 को बरवाला थाना में पांचवी बार अनंतराम बरवाला के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। यही नहीं, 14 अक्टूबर 2023 को डॉ. अनंतराम पर पीएनडीटी एक्ट के तहत छठा केस दर्ज हुआ था। वहीं इससे पहले 2020 में डॉ. अनंतराम बरवाला और उनके पुत्र के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ था। इसमें ऑप्रेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी।

हांसी। एचएसवीपी द्वारा जेसीबी की मदद से गिराया जा रहा अवैध निर्माण।

हांसी में गिराए अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा गुरुवार को शहर में अवैध निर्माण हटाए। एचएसवीपी विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह मौके पर पहुंच जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण गिराना शुरू किया। हालांकि की अवैध निर्माण को गिराए जाने के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी कहासुनी हुई लेकिन पुलिस की मौजूदगी में विभाग ने जेसीबी से अवैध निर्माण गिरा दिए। इस अवसर पर एचएसवीपी विभाग द्वारा एसडीओ (सर्वे) रामप्रसाद को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि खसरा नंबर 1150 की जमीन एचएसवीपी ने एक्वायर कर रखी है, जिस परसंबंधित व्यक्ति ने अवैध निर्माण किया हुआ था। उसे कई नोटिस दिए गए। कब्जाधारी ने 15 दिन में जमीन खाली करने का शपथपत्र भी दिया था, लेकिन निर्माण नहीं हटाया।

अपराध सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात, बस को बरामद कर भादरा पुलिस ले गई साथ

भादरा अड्डे से हिसार रोडवेज की बस ही ले गया चोर, रेहड़ी और खंभे में टक्कर मारकर 40 किमी दूर रावलवास में छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राज्य परिवहन के हिसार डिपो की बस राजस्थान के भादरा बस स्टैंड से चोरी हो गई। चोर की पूरी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके तहत चोर इस बस को फुल स्पीड पर दौड़ाते हुए 40 किलोमीटर दूर हिसार के गांव रावलवास तक ले गया। रास्ते में उसने टक्कर मारकर बिजली का पोल और मीटर तोड़ दिया। इसके बाद डर के मारे आरोपी बस को छोड़कर भाग गया।

बस चोरी करके ले जाते हुए चोर की दो सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई हैं। इसमें एक 31 और दूसरी 37 सेकेंड की है। दूसरी फुटेज में वह सड़क पर खड़ी खच्चर गाड़ी को बस से टक्कर मारता भी दिखाई दे रहा है। इन वीडियो के मिलने के बाद राजस्थान पुलिस की टीम ने दौड़ लगाई। पुलिस को अमरपुरा टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि बस हरियाणा की तरफ गई। इसके बाद पुलिस बस तक पहुंची। फिलहाल बस राजस्थान पुलिस के कब्जे में है, वहीं, हिसार रोडवेज ने इस रूट पर अब दूसरी बस लगा दी है। बताया जा रहा है कि हिसार डिपो की बस को चालक देवीदयाल 26 जनवरी को लेकर राजस्थान के भादरा गया था। रात को उसने बस स्टेंड परिसर में बस खड़ी की, लेकिन सुबह बस गायब मिली। इसको लेकर 27 जनवरी को भादरा थाना में इस संबंध में मामला दर्ज करवाया था। इसके बाद भादरा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर बस की तलाश शुरू की। राजस्थान की पुलिस बस की तलाशी में हरियाणा के हिसार आई और उसने बस को बालसमंद से करीब सात किलोमीटर दूर रावलवास में बरामद कर लिया। जांच में यह भी सामने आया है कि फरार होने के दौरान आरोपी ने बस से एक बिजली के पोल और मीटर को टक्कर मारकर तोड़ दिया था।

फिलहाल बस की हालत और उसमें हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है। जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल भूप सिंह ने बताया कि पुलिस आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक फुटेज में बस जाती हुई तो दिखाई दे रही है, लेकिन अंधेरे के कारण आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरोपी बस को लावारिस छोड़कर फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

हिसार। सीसीटीवी में कैद हुई बस की तस्वीर। *फोटो : हरिभूमि*

चाबी बस में ही छोड़ देते हैं ड्राइवर

रोडवेज के हिसार डिपो के चालक देवीदयाल का कहना है कि सभी ड्राइवर चाबी साथ ले जाने के बजाय चाबी बस के अंदर ही छोड़ देते हैं ताकि रोस्टर में दूसरा ड्राइवर आए तो चाबी उस निश्चित स्थान से ले लें। चोर ने इसी का फायदा उठाते हुए चाबी से बस को स्टार्ट कर लिया और बस दौड़ाकर ले गया। हिसार डिपो के ट्रैफिक इंस्पेक्टर भागीरथ ने बताया कि भादरा पुलिस बस को कब्जे में लेकर थाने ले गई है वहां से इसे हिसार रोडवेज डिपो को सुपुर्द किया जाएगा। यह बस हिसार से भादरा रूट पर चलती थी। हिसार रोडवेज ने इस रूट पर अब दूसरी बस लगाई है। भादरा पुलिस के जांच अधिकारी भूप सिंह का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि इस काम में गांव या आसपास के ही नशेड़ी व्यक्ति का हाथ है। पुलिस मामले की जांच में लगी है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

वनस्पति जगत / शिखर चंद जैन

अजब-अनोखे मनभावन फूल

रंग-बिरंगे मनमोहक फूल किसे नहीं भाते! इन फूलों की अगर अपनी कोई ऐसी खूबी हो, जो बहुत अनोखी हो तो इनका आकर्षण और बढ़ जाता है। जानो, ऐसे ही कुछ अजब-अनोखे फूलों के बारे में कि ये किस कारण अनोखे हैं और ये कहां पाए जाते हैं?

बच्चो, फूल अपनी खूबसूरती और सुगंध के लिए तो जाने जाते ही हैं, इसके अतिरिक्त दुनिया में कई ऐसे फूल हैं, जो बहुत अजब-गजब हैं, जो भी इन्हें देखता है, आश्चर्यचकित रह जाता है। यहां हम बता रहे हैं, ऐसे ही कुछ अनोखे फूलों के बारे में।

मंकी ऑर्किड: नाम के मुताबिक ही इसकी पंखुड़ियों की बनावट बिल्कुल बंदर के चेहरे जैसी होती है। यह फूल मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिका के देश इक्वेडोर और पेरू के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में पाया जाता है। इस फूल में से पके हुए संतरे जैसी खुशबू आती है।

ब्लीडिंग हार्ट: यह फूल गहरे गुलाबी और सफेद रंग का होता है। इसका आकार दिल जैसा होता है, जिसके नीचे से एक बूंद टपकती हुई दिखाई देती है। यह ब्लीडिंग हार्ट जैसा ही दिखता है। यह फूल साइबेरिया, चीन और जापान में पाया जाता है।

हुकर्स लिप: यह फूल किसी महिला के होंठों पर लगी लिपस्टिक जैसा दिखता है। मध्य और दक्षिण अमेरिका के वर्षा वनों में पाया जाने वाला यह पौधा, फूलो जैसे दिखने वाले अपने चटक लाल रंग के ब्रैक्ट्स (पत्तियों का एक रूप) के लिए मशहूर है।

स्वैडल्ड बेबीज ऑर्किड: इस मोहक फूल की बनावट ऐसी होती है जैसे कपड़े में लिपटा हुआ कोई नन्हा बच्चा सो रहा हो। यह फूल मूल रूप से कोलंबियाई देश के एंडीज पर्वत श्रंखला के वनों में पाया जाता है।

नेकेड मैन ऑर्किड: भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पाया जाने वाला यह फूल अपनी विचित्र आकृति के लिए प्रसिद्ध है। इसके छोटे-छोटे फूल बिना कपड़ों वाले इंसान की आकृति जैसे दिखते हैं।

फ्लाइंग डक ऑर्किड: ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला यह छोटा-सा ऑर्किड उड़ते हुए बत्तख जैसा दिखता है। यह आकार असल में कीड़ों को परागण के लिए आकर्षित करने के लिए होता है।

डांसिंग गर्ल्स: पूर्वी अफ्रीका के वर्षा वनों में पाए जाने वाले ये दुर्लभ फूल, सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। इनकी बनावट ऐसी होती है, जैसे कोई लड़की डांस कर रही हो।

पैरट फ्लावर: थाईलैंड और म्यांमार में पाया जाने वाला यह फूल एक उड़ते हुए तोते जैसा दिखता है। इसे दुर्लभ श्रेणी में रखा गया है। इस फूल का देश से बाहर निर्यात प्रतिबंधित है।

बर्ड ऑफ पैराडाइज: यह फूल उड़ते हुए रंग-बिरंगे पक्षी जैसा दिखता है। इसके चटक नारंगी और नीले रंग इसे बेहद मनमोहक बनाते हैं। *

खास समय में खिलने वाले फूल

बच्चो, कुछ फूल ऐसे होते हैं, जो किसी खास समय में ही खिलते हैं। इन फूलों में भी कई विशेषताएं पाई जाती हैं।

मॉर्निंग ग्लोरी: यह एक खूबसूरत बेल वाला पौधा है, जो अपने तुरही के आकार के फूलों के लिए जाना जाता है। ये फूल सुबह सूरज उगने पर खिलते हैं। ये बैंगनी, नीले, गुलाबी, लाल और सफेद रंगों के होते हैं।

चांदनी रात में खिलने वाले फूल: कुछ फूल, जैसे 'मून फ्लावर' दिन में बंद रहते हैं और रात में चांद की रोशनी में खिलते हैं, जो रात के समय एक अनोखा नजारा पेश करते हैं। रात में खिलने वाले ये फूल न केवल सुंदर होते हैं, बल्कि उनकी खुशबू भी बहुत मनमोहक होती है।

रात की रानी: नाइट ब्लूमिंग जैस्मिन यानी रात की रानी अपने छोटे सफेद फूलों और भीनी-भीनी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इसे पारिजात या हरसिंगार के नाम से भी जाना जाता है। इसके सफेद फूल और नारंगी डंठल होते हैं। यह रात में खिलता है और सुबह होने पर खुद-ब-खुद जमीन पर गिर जाता है।

रजनीगंधा: इसके लंबे डंठल पर सफेद फूल खिलते हैं, जिनकी खुशबू रात में और भी बढ़ जाती है।

फोर ओ क्लॉक फ्लावर: यह फूल अकसर शाम को 4 बजे खिलते हैं और रात भर खिले रहते हैं। इसे गुल अब्बास का पौधा या मीराबिलिस जालपा कहा जाता है। इसे कृष्णाकली, संध्याकली, संजमल्लिगे, अंधीमल्लिगाई और लंकाफूल भी कहा जाता है।

ईवनिंग प्रिमरोज: इसके पीले फूल शाम के समय खिलते हैं और अपनी मीठी महक बिखेरते हैं।

ब्रह्म कमल: इस फूल को 'हिमालय का सम्राट' कहा जाता है। यह साल में केवल एक बार रात में खिलता है और सुबह होते ही बंद हो जाता है।

सफेद-घने फर वाला पोलर बियर

पोलर बियर यानी ध्रुवीय भालू, एक बेहद क्यूट-सा दिखने वाला जंतु है। लेकिन यह जितना क्यूट दिखता है, उतना ही खतरनाक भी है। जानो, आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले पोलर बियर के बारे में कुछ और बातें।

जंतु जगत
रेखा शाह आरबी

बच्चो, कोई भी जब पोलर बियर को देखेगा तो इसकी सुंदरता और क्यूटनेस देखकर मोहित हो जाएगा। देखने में इतना मासूम लगता है कि आभास ही नहीं होता कि यह एनिमल एक खतरनाक शिकारी भी है। पोलर बियर, आर्कटिक क्षेत्र का सबसे बड़ा मांसाहारी शिकारी जंतु कहा जाता है।

शारीरिक विशेषताएं: पोलर बियर का फर सफेद रंग का होता है। लेकिन उसकी स्किन काली होती है। बहुत घने फर के कारण यह पूरा सफेद दिखाई देता है। इसका वजन 300 से 700 किलोग्राम तक हो सकता है। लंबाई की बात करें, तो एक वयस्क पोलर बियर की लंबाई 8 से 10 फीट तक होती है। इसका खूबसूरत फर वास्तव में पारदर्शी और खोखला होता है। जिससे धूप की रोशनी नीचे काली त्वचा तक पहुंचती है, जो गर्मी सोख लेती है। फर की मोटी परत और त्वचा के नीचे फैट (वसा) की मोटी परत इसे ठंड से बचाती है। पोलर बियर के पैर बड़े, चौड़े और खुरदुरे होते हैं, जो इसे बर्फ पर चलने में सहायक होते हैं, फिसलने से बचाते भी हैं। पोलर बियर एक बेहतरीन तैराक भी होता है।

आवास व आहार: आर्कटिक महासागर और उसके आस-पास के समुद्री बर्फ वाले क्षेत्र, पोलर बियर के मुख्य निवास स्थान हैं। कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का (अमेरिका), स्वालबार्ड (नॉर्वे) जैसी बर्फीली जगहों पर यह मुख्य रूप से पाया जाता है, क्योंकि इसका भोजन वहीं पर मिलता है। यह सील का शिकार करता है। आहार में मुख्य रूप से यह सील ही खाता है। हालांकि यह अन्य स्तनधारी जंतुओं का भी शिकार करता है।

माहिर शिकारी: पोलर बियर एक माहिर शिकारी होता है। यह घात लगाकर शिकार करता है। दरअसल, बर्फ के नीचे रहने वाली सील सांस लेने के लिए बर्फ में छेद बनाकर रहती है। वहीं पर यह घात लगाकर बैठा रहता है। सील सांस लेने के लिए जैसे ही बाहर आती है, यह उसका शिकार कर लेता है। *

जरूरी है पोलर बियर का संरक्षण

आर्कटिक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए पोलर बियर बहुत ही जरूरी प्राणी है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण पोलर बियर विलुप्तप्राय हो रहे हैं। आईयूसीएन ने पोलर बियर के लिए ग्लोबल वार्मिंग को सबसे बड़े खतरे के रूप में सूचीबद्ध किया है, क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से आर्कटिक की बर्फ तेजी से पिघल रही है, इसलिए पोलर बियर के आवास और शिकार (सील) नष्ट हो रहे हैं। इसकी आबादी घट रही है और यह इंसानी बस्तियों के करीब आ रहा है। इस कारण पोलर बियर और इंसानों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है। प्रकृति और जलवायु संतुलन के लिए पोलर बियर का संरक्षण बहुत जरूरी है।

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

मजेदार किस्सों का पिटारा

बच्चो, जब तुम जाने-माने लेखक स्वयं प्रकाश की लिखी किताब 'सप्पू के दोस्त' पढ़ोगे तो कभी तुम्हें लगेगा कि सप्पू तो खुद लेखक है, फिर दूसरे ही क्षण लगेगा कि सप्पू तुम स्वयं हो या फिर लगेगा सप्पू तुम्हारा दोस्त है। इस किताब में तुम्हें सप्पू के 11 किस्से पढ़ने को मिलेंगे। हर किस्से में तुम सप्पू के साथ जगह-जगह का मजा लोगे। कभी रेल के डिब्बे में होगे, कभी स्कूल के मैदान में तो कभी रास्ते में किसी मजमे वाले के पास रुककर तमाशा देखोगे। कुछ किस्सों के तो शीर्षक भी एक-एक शब्द के हैं, जैसे- 'इम्मी', 'सबक', 'अमरूद', 'कुली', 'गणेशीलाल'। मजे की बात यह है इन किस्सों में स्वयं सप्पू हीरो नहीं है। हीरो कभी कुली है तो कभी गणेशीलाल या कोई और। बहुत ही निराली है सप्पू की बचपन की दुनिया। बच्चो, एक बार किताब को हाथ में लोगे तो पूरी किताब पढ़कर ही तुम्हें चैन मिलेगा। फिर तुम इस किताब को दोस्तों को भी पढ़ाओगे, ताकि तुम सप्पू के किस्सों पर चर्चा कर सको। किताब के चित्र भी सप्पू के किस्सों की तरह बहुत मजेदार हैं, हंसाते हैं, गुदगुदाते हैं। *

किताब: सप्पू के दोस्त (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** स्वयं प्रकाश
मूल्य: 200 रुपए, **प्रकाशक:** जुगनू प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले

रिंकी: आंखों के भाई को हम किस नाम से बुलाते हैं?
पिंकी: पता नहीं, तुम्हीं बता दो।
रिंकी: आई-ब्रो।
-हर्षिता, रायपुर

डॉक्टर: मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
मिक्की: फिर तो डॉक्टर अंकल, मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
डॉक्टर: वो क्यों?
मिक्की: मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

पापा: आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
सोनू: मोनू से बीस नंबर कम।
पापा: अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
सोनू: बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

जीके क्विज-190

1. हाल ही में किस भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी ने संन्यास की घोषणा की है?
2. भारत के 92वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले शतरंज खिलाड़ी कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
4. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
5. हाल में ही वायु सेना के किस अफसर को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया?
6. पूर्व न्यायाधीश के टी थॉमस को हाल ही में किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
7. विटामिन ई का रासायनिक नाम क्या है?
8. कौन-सा विटामिन बोंस को मजबूत बनाने में सहायक होता है?
9. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
10. माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?

बच्चो, जीके क्विज-190 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-189 का उत्तर : 1.उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा, 2. 77वां, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.15 जनवरी, 5.गुजरात, 6.1950 ई., 7. बी.आर. अंबेडकर, 8.6 (छह), 9.डॉ. राजेंद्र प्रसाद, 10.बंकिम चंद्र चटर्जी

जीके क्विज-189 का सही उत्तर देने वाले : भूमेश-महासमुंद, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, तान्या-दुर्ग, कोमल-हिसार, संचित-रायपुर, अमन-बिलासपुर, सौम्या-बलौदा बाजार, कल्पेश-मटियारी, पवन-दुर्ग

कहानी
गोविंद शर्मा

क्या कोई बंदर पढ़ाई में मन ना लगाने वाले किसी बच्चे को ऐसा सुधार सकता है कि वह बच्चा पढ़ाकू बन जाए? ऐसी अनहोनी दादा जी के साथ उनके बचपन में हुई थी। दादा जी को एक बंदर ने कैसे सुधारा? पढ़ो, एक मजेदार कहानी।

बंदर जी ने सुधारा!

एक दिन बच्चों ने दादा जी को घेर लिया। बच्चे अकसर ही दादा जी का घेराव अच्छी-अच्छी, प्यारी-प्यारी बातें करने लिए करते रहते हैं। एक बच्चे ने पूछा, 'दादा जी, आप कितनी ही भाषाएं हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, संस्कृत पढ़ना-लिखना जानते हैं! आप तो कहते हैं कि सिर्फ स्कूल में पढ़े हैं। कभी कॉलेज में पढ़ने नहीं गए। आपको ज्यादा से ज्यादा पढ़ना किसने सिखाया?

'एक बंदर जी ने।' दादा जी तुरंत बोले।

बच्चे चौंके, 'बंदर ने! दादा जी, यह क्या कह रहे हैं? आप अपने अध्यापक जी को बंदर जी कह रहे हैं?'

'नहीं-नहीं, मैं तो एक बंदर जी को अध्यापक जी कह रहा हूं।' यह कहकर दादा जी मुस्कुराए।

'आप कह क्या रहे हैं दादा जी? बंदरों को तो मदारी लोग यानी आदमी सिखाते हैं। आप किसी बंदर से कैसे सीखे?' बच्चे दादा जी की बात समझ नहीं पा रहे थे।

'सच कहूं या झूठ?' दादा जी हंसते हुए बोले।

'दादा जी, आप क्या झूठ बोलना भी जानते हैं? हमें तो सदा ही सच बोलना सिखाते हैं।' बच्चे बोले।

दादा जी गंभीर हो गए, बोले, 'चलो, मैं अपनी एक सच्ची कहानी सुनाता हूं। जब मैं स्कूल में था, मेरी रुचि पढ़ने में बहुत कम थी। घर के लोग और स्कूल के कुछ अध्यापक इस कोशिश में रहते थे कि पढ़ने में और स्कूल में टिके रहने में मेरी रुचि बढ़े।'

'यह स्कूल में 'टिके रहना' क्या होता है?' बीच में एक बच्चा बोला।

'टिके रहना भी होता है। मुझे जब भी मौका मिलता, क्लास छोड़कर स्कूल से भाग जाता। इधर-उधर घूमता और छुट्टी होने के समय घर आ जाता।' दादा जी ने बताया।

'क्या आप स्कूल बैग के साथ स्कूल से बाहर आ जाते थे?' एक बच्चे ने सवाल किया।

'अरे नहीं, स्कूल बैग क्लास में छोड़ आता था। छुट्टी होने पर कोई दोस्त वह बैग बाहर लाकर मुझे दे देता। हम स्कूल बैग को बस्ता कहते थे। मेरी तरह स्कूल के कुछ और बच्चे भी ऐसा करते थे। हम स्कूल के मुख्य द्वार से बाहर नहीं जाते थे। क्योंकि ऐसा करने पर हेड मास्टर जी या कोई और मास्टर जी देख सकते थे। इसलिए हम स्कूल की पिछली दीवार लांघकर बाहर जाते थे यानी बंक मारते थे।' दादा जी एक पल रुके, फिर आगे बोले, 'एक दिन गजब हो गया। जैसे ही मैं दीवार से दूसरी तरफ कूद कर खड़ा हुआ, एक बंदर पता नहीं कहां से आ गया। उस समय हमारे स्कूल के आस-पास बंदर नहीं होते थे। मैं उस बंदर को देखता रहा और वह मुझे देखता रहा। मैं जाने लगा तो वह 'खों खों' करता मेरी तरफ बढ़ा। मैं डर गया। मैं कभी इधर तो कभी उधर भागने लगा। बंदर ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा। मैं किसी तरह वापस दीवार पर चढ़कर स्कूल की बाउंड्री में कूद गया। कुछ और बच्चों को भी उस बंदर ने स्कूल से यूं भागने से रोका। मैंने एक-दो दिन बाद फिर कोशिश की। पर हर बार वह बंदर मुझे तैयार मिलता। स्कूल से मुझे भागने नहीं देता। उसके डर से मैं स्कूल के समय में स्कूल में ही रहने लगा। अपनी कक्षा में बैठने लगा। पढ़ाई में रुचि लेने लगा। मुझे पढ़ने में भी मजा आने लगा। एक दिन तो गजब हो गया। मुझे अपने गणित के अध्यापक जी के मुंह से थैंक यू सुनने को मिला। अध्यापक जी बोले, 'पहले मुझे लगता था कि तुम इस कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम खराब कर दोगे। लेकिन अब लगता है, तुम्हारी गणित में रुचि लेने से परिणाम ज्यादा अच्छा रहेगा, थैंक यू!' बच्चो, शायद तुम समझ गए होगे कि उस समय मुझे कितनी ज्यादा खुशी हुई होगी, क्योंकि अध्यापक जी से थैंक यू कभी-कभी ही मिलता है। मैं तुम लोगों से यही कहना चाहूंगा कि किसी भी जानवर को कभी कम नहीं समझना चाहिए।'

'बिल्कुल दादा जी, हम यह समझ गए कि आप किसी अध्यापक को बंदर जी नहीं कह रहे हैं बल्कि बंदर को ही बंदर जी कह रहे हैं। कहना भी चाहिए, क्योंकि आपको और आप जैसे दूसरे बच्चों को सुधारने में जहां अध्यापक जी सफल नहीं हुए, वहां एक बंदर जी सफल हो गए। लेकिन हम तो आपसे ही बहुत कुछ सीख रहे हैं, इसलिए आपको ही कहेंगे थैंक यू!'

इसके बाद तो कुछ देर तक बच्चे हंसते रहे। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'

बिना पंख उड़ता है मन

बहुत तेज चलता है मन।
मनचाहा करता है मन।।
गहरी नदियों में जाता,
हीरे-मोती ले आता,
ऊंचे-ऊंचे शिखरों पर
बिन पैरों चढ़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
उड़न खटोला ले आता,
दूर देश तक ले जाता,
स्वर्गलोक की परियों से
पल भर में मिलता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
रॉकेट जैसा खूब उड़े,
सूर्य चंद्र से बात करे,
नील गगन में सन-सन-सन
बिना पंख उड़ता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
किले हवाई बड़े-बड़े,
पल में जीते बिना लड़े,
महल खयाली कितने ही
क्षण भर में रचता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।
सागर में गोता खाता,
पनडुब्बी-सा बन जाता,
खतरनाक शेरों को भी
काबू में करता है मन।
बहुत तेज चलता है मन।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक एंग्री बर्ड के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये पांच अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी पांच अंतर खोजो।



उत्तर: 1.पंखी बर्ड की टेल का एक पर गुम है। 2.पंखी बर्ड के पीछे पेड़ में कोटर नहीं है। 3.ऊपर पेड़ की लीव परिवार कम है। 4.पंखी बर्ड के बाए पैर में एक अंगुली कम है। 5.पंखी बर्ड के आंख स्टेल का सपोर्टराल बदला हुआ है।

सही रास्ता खोजो

बच्चो, इस चित्र में दिख रहे मंकी को स्टार ट्वॉय चाहिए। लेकिन स्टार जिस जगह रखा हुआ है, वहां तक पहुंचने का रास्ता टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम मंकी को स्टार तक पहुंचने का रास्ता तो बताओ जरा।

खबर संक्षेप

खेड़ी चौपटा कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान एनटीएफ मेंटल हेल्थ, प्लेसमेंट सैल व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जनरल काउंसलर डॉ. सुमन बहमनी ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। प्राचार्य अनिल कुमार के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर में डॉ. सुमन बहमनी व अन्य वक्ताओं ने विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला के समापन पर मानसिक स्वास्थ्य रोग प्रभारी डॉ. मथुरा सिंह ने डॉ. सुमन बहमनी का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान प्लेसमेंट सैल प्रभारी अनिल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार, कुमारी बिमला, मुनीष कुमार व बिजेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

वरिष्ठ पत्रकार महेश सैनी को मातृशोक

हिसार। वरिष्ठ पत्रकार एवं एक टीवी न्यूज चैनल के एसोसिएट एडिटर महेश सैनी की माता सीता देवी का बुधवार की देर सायं निधन हो गया। लगभग 67 वर्षीय सीता देवी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार सेक्टर 16-17 स्थित शमशान घाट में किया गया। अनेक राजनीतिक व सामाजिक संगठनों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

51 वर्ष बाद मिले स्कूल के छात्र, अनुभव किए साझा

हिसार। वर्ष 1975 के बैच में श्री हरजीराम हिन्दू हाई स्कूल से 10वीं कक्षा में पास हुए सभी पूर्व छात्र 51 वर्ष बाद गत दिवस पूर्व छात्र मिलन समारोह में एकत्रित हुए। सभी ने आपस में मिलकर 51 वर्ष के अपने अनुभव सांझा किए तथा स्कूल की यादें ताजा की। अपने स्कूली दिनों को याद करके सभी के चेहरे खिल उठे। 51 वर्ष बाद भी सभी दोस्तों ने एक-दूसरे को पहचान लिया। सभी ने 51 वर्ष की अपनी उपलब्धियों को सांझा किया। अब सभी दोस्त वेल सेटल्ड हैं तथा कई प्रतिष्ठित संस्थानों से रिटायर हो चुके हैं। यह पहला मिलन समारोह था कुछ दोस्त इसमें दूर-दराज से भी आए थे। आयोजन का प्रबंध करने का श्रेय प्रेम मनचंदा, रविंद्र बत्रा, सतीश कक्कड़ एवं सुनील मलिक को दिया गया।

विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 पर एक दिवसीय आनंदशाला आयोजित

वीबीएसए-2025 देश की उच्च शिक्षा पर गंभीर और सकारात्मक मंच प्रदान करेगाः प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रदेश के विश्वविद्यालय के कुलगुरुओं तथा प्रमुख शिक्षाविदों ने प्रस्तावित 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 (वीबीएसए-2025)' विषय पर हुए एक दिवसीय आनंदशाला कार्यक्रम में गहन मंथन एवं विचार विमर्श किया। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का आयोजन गुजवि तथा भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान किया गया। अध्यक्षता उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता गुजवि के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। उद्घाटन समारोह में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के कुलगुरु राजबीर सिंह तथा महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र अनायथ, भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा के प्रांतीय अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र भारद्वाज तथा गुजविप्रौवि के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा भी मंच पर उपस्थित रहे।

कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि वीबीएसए-2025 देश की उच्च शिक्षा पर गंभीर और सकारात्मक मंच प्रदान करेगा। पुरानी व्यवस्थाओं के सहारे नई चुनौतियों का सामना करना संभव नहीं है। इस विधेयक से देश की सभी उच्च शिक्षण संस्थाएं एक ही मुख्य संस्था से सम्बद्ध होंगी, जिससे ज्ञान, शोध व सतत विकास के क्षेत्र में एक नई यात्रा का शुभारंभ होगा। उन्होंने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि हम फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। प्रो. राजेन्द्र अनायथ ने वीबीएसए-2025 में अंतर्निहित प्रस्तावित सुधारों की वैचारिक आधार भूमि एवं नीतिगत औचित्यों पर विचार करते हुए विधेयक के सकारात्मक पक्ष के साथ-साथ चुनौतियों का जिक्र भी किया जबकि कुलगुरु राजबीर सिंह ने वर्तमान प्रणाली एवं वीबीएसए संरचना का तुलानत्मक विश्लेषण एवं संरचनात्मक विवेचना प्रस्तुत की। प्रो. जितेन्द्र भारद्वाज ने इस सत्र का सार प्रस्तुत किया। इस सत्र में कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र अनायत तथा कुलगुरु प्रो. राजबीर सिंह ने विकसित भारत की परिकल्पना के संदर्भ में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 के अंतर्निहित प्रस्तावित सुधारों की वैचारिक आधारभूमि, नीतिगत औचित्य तथा वर्तमान प्रणाली एवं विधेयक संरचना का तुलनात्मक विश्लेषण एवं संरचनात्मक विवेचन विषय पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए गए।

उद्घाटन सत्र विधेयक के मूल दर्शन एवं उसके माध्यम से प्रस्तावित उच्च शिक्षा सुधारों की समग्र पृष्ठभूमि को रेखांकित करने वाला रहा। सत्र का सार भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांत अध्यक्ष प्रो. जितेंद्र भारद्वाज ने प्रस्तुत किया।

हिसार। उद्घाटन करते गुजवि के कुलगुरु प्रो. नरसी राम बिश्नोई, एमडीयू के कुलगुरु राजबीर सिंह व अन्य।

दूसरे सत्र में हुई कुलगुरुओं की पेनल डिस्कशन

आनंदशाला का द्वितीय सत्र कुलगुरुओं के पैनल डिस्कशन के रूप में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस सत्र का विषय 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक -2025ः ढांचागत बुनियाद, नए अवसर, चुनौतियां एवं प्रभावी क्रियान्वयन रहा। भारतीय शिक्षण मंडल के सत्र समन्वयक ने इस सत्र का संक्षिप्त परिचय दिया तथा रूपरेखा प्रस्तुत की। इस सत्र में कुलगुरुओं व विशेषज्ञों प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. विजय कुमार, प्रो. बीआर काम्बोज, प्रो. रामपाल सैनी, प्रो. देवेन्द्र सिंह, प्रो. अमित आर्य, प्रो. दीप्ति धर्माणी, प्रो. विक्रमजीत सिंह, प्रो. विवेक सैनी तथा प्रो. योगेश चाबा द्वारा उच्च शिक्षा में प्रस्तावित संस्थागत स्वायत्तता, फेडरल शासन व्यवस्था, गुणवत्ता आश्वासन एवं प्रत्यायन सुधार, विधेयक में निहित परिवर्तनों के प्रति संस्थानों की प्रतिक्रियाएं, कार्यान्वयन एवं संक्रमण से जुड़े विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण, प्रमुख चुनौतियां तथा संक्रमणकालीन चिंताओं पर विस्तारपूर्वक विमर्श किया गया।

आनंदशाला में तीसरा सत्र रहा तकनीकी

आनंदशाला के तकनीकी एवं समापन सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेंद्रगढ़ के कुलगुरु प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। इस सत्र में उच्च शिक्षा विनियमन एवं गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं, बहुविषयक शिक्षा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा तथा प्रस्तावित नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही विधेयक को एक सुधारात्मक ढांचे के रूप में समझने एवं उसकी व्याख्या करने की दृष्टि पर भी विशद् विचार व्यक्त किए गए। सत्र का संक्षिप्त परिचय एवं विषय प्रवर्तन की रूपरेखा सत्र समन्वयक भारतीय शिक्षण मंडल की प्रो. शैफाली नागपाल द्वारा प्रस्तुत की गई। इस सत्र में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी, कुलगुरु प्रो. संजय कौशिक, यूजीसी के डा. मधुकर वावरे, कुलगुरु प्रो. सुदेश ने विशेषज्ञ वक्तव्य प्रस्तुत किए।

थमने का नाम नहीं ले रहा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध

बिजली कर्मियों ने सांकेतिक भूख हड़ताल कर जताया रोष

अधीक्षक अभियंता को बिजली मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- 9 को चीफ ऑपरेशन हिसार पर भूख हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में हिसार सर्कल में गुरुवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की गई और अधीक्षक अभियंता को बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सांकेतिक भूख हड़ताल में यूनिट हांसी, हिसार प्रथम, हिसार द्वितीय व एचवीपीएनएल की टीएस यूनिट के कर्मचारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। सांकेतिक भूख हड़ताल की अध्यक्षता सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा ने की तथा संचालन यूनिट नंबर 2 के वरिष्ठ उपप्रधान रविंद्र बिश्रोई ने की।

भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य नेता जगमिंद्र पूनिया, दलीप सोनी, दिलबाग जांगड़ा व धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि बिजली निगमों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लागू करना कर्मचारियों के साथ और अधिक हादसों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बिजली निगमों का कार्य अत्यंत संवेदनशील और आवाश्यक सेवाओं से जुड़ा हुआ है। जिस एरिया में कर्मचारी अपनी ड्यूटी देता है, उसको उस ऐरिया की लाइनों व लाइनों की क्रॉसिंग की पूरी जानकारी होती है। इस पूरी जानकारी के बावजूद भी अति संवेदनशील कार्य होने के कारण कर्मचारी बार-बार हादसों का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में यदि ऑनलाइन टांसफर पॉलिसी के तहत उनका तबादला होता है तो वो नए ऐरिया में अपनी ड्यूटी देते समय जानकारी के अभाव में उनके साथ हादसों की संभावना बढ़ जाएगी।

उन्होंने कर्मचारियों से अपील करते हुए करते हुए कहा कि आगामी 9 फरवरी को चीफ ऑपरेशन हिसार पर भूख हड़ताल की जाएगी, जिसमें सभी बढ़-चढक़र भाग लें। उन्होंने 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर भी कर्मचारियों का आह्वान किया। भूख हड़ताल में उपस्थित कर्मचारियों को हांसी यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा, सचिव जोनी कुमार, यूनिट नंबर 2 के प्रधान बिजेंद्र पूनिया, सचिव रमेश सातरोड़, यूनिट नंबर 1 के प्रधान सुरेश रोहिल्ला, सचिव अनिल, टीएस यूनिट के प्रधान प्रताप व सर्कल के आधीन आने वाली सभी सब यूनिटों के प्रधान, सचिव आदि ने भी संबोधित किया।

हिसार। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे बिजली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए बैठक

उकलाना। केंद्रीय मजदूर संगठनों एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के उद्देश्य से किसान हाउस में एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से इंटक यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष केसर गहलोत एवं सीटू के ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम ने की। बैठक में मजदूर वर्ग की प्रमुख मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर विरोधी लेबर कोड्स को तुरंत रद्द किया जाए, निर्माण मजदूरों के लिए पोर्टल शुरू कर सभी सुविधाएं दी जाएं तथा न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये मासिक लागू किया जाए। बैठक में भवन निर्माण मजदूर संगठन के राज्य प्रधान मनोज कुमार सोनी, सीटू जिला अध्यक्ष सुरेश, कृष्ण कुमार नैन, जोरा सिंह पाबड़ा, सुरेश कामरेड, सुमन कीनाला, रोशनी, मोहम्मद इसाक, अनिल कुंडू आदि मौजूद रहे।

उकलाना। नारेबाजी करते विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

न्यूज डायरी

स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

हिसार। छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. धीरज, सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों के बारे में बताया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। स्वयंसेवकों को आगामी साप्ताहिक विशेष शिविर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण लाल, डॉ. नेहा दांगी तथा डॉ. करम सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया।

मनरेगा खत्म करने की साजिश सफल नहीं होने देंगे

हिसार। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा को लेकर गांव-गांव संवाद एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांव सीसवाल, लाडवी, चिड़ौद, कैमरी और मंगाली में मनरेगा मजदूरों के साथ सीधा संवाद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने की। बृजलाल ने कहा कि मनरेगा गरीबों का अधिकार है, इसे खत्म करने की साजिश कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। इसी दौरान गांव सीसवाल में महात्मा गांधी मनरेगा बचाओ पैदल यात्रा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में पूर्व बरवाला प्रत्याशी भूपेंद्र सिंह गगवा, पूर्व चेयरमैन सुखबीर सिंह डूडी, लाडवी सरपंच राजवीर, केसर राम सैनी, आदि मौजूद रहे।

अंडरपास के समर्थन में उतरीं महिलाएं

उकलाना। अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर चल रहा धरना गुरुवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने को मजबूती देने के लिए आज महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर समर्थन किया और सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की। महिलाओं ने कहा कि अंडरपास न होने के कारण आमजन, विशेषकर महिला वर्ग को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने में शामिल महिला सुनीता और मीनाक्षी ने कहा कि अंडरपास बनने से जनजीवन सुगम होगा, अन्यथा भविष्य में समस्याएं और बढ़ेंगी। उन्होंने सरकार से इस जनहित के मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की अपील की। पूर्व प्रधान बलजीत सिंह ने कहा कि सरकार धरने को लंबा खींचकर जनता के सब्र की परीक्षा ले रही है, जबकि इस समस्या का समाधान तत्काल किया जाना चाहिए। धरने में प्रधान कपूर सिंह, पूर्व प्रधान बलजीत सिंह, नंबरदार बलवान सिंह, हेमचंद, बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, पनमप्रीत सिंह, शेर सिंह, धर्मपाल, सतबीर सिंह, राजवीर सिंह, हवा सिंह, प्रवीन शर्मा, भागचंद, लखबीर सिंह, सतवंत सिंह, लखविंदर सिंह, कुलवंत सिंह, कमल सिंगल, नीरज बंसल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

बाल संगम केंद्रों के लिए जगह चिन्हित

- जिला बाल कल्याण परिषद की आयोजित बैठक में अधिकारियों ने डीसी को दी जानकारी
- बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने में मंगलमुखी समाज बनेगा प्रशासन का सहभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष महेंद्र पाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में जिला बाल कल्याण परिषद के सदस्यों के साथ बैठक आयोजन की। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें ब्लॉक स्तर पर मिनी बाल भवन की स्थापना, कौशल विकास केंद्र, बाल संगम केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, भट्ठों पाठशाला की स्थापना आदि से संबंधित एजेंडे शामिल रहे। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि बाल संगम केंद्रों की स्थापना के लिए जिला नागरिक अस्पताल में जगह चिन्हित कर ली गई है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर आवश्यक प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें। बाल भवन में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना एवं संचालन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आगामी कार्यवाही करने की हिदायत दी।

हिसार। बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

सूर्य नमस्कार से शरीर रहता है निरोग : सुनील

- सूर्य नमस्कार अभियान के तहत गांव मंगाली में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा योग आयोग द्वारा आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, खेल विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रदेशभर में सूर्य नमस्कार अभियान पूरे जोरों से चल रहा है, जो 12 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक जारी रहेगा।

इसी कड़ी में गांव मंगाली स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष योग सहायक सुनील कुमार द्वारा विद्यालय की छात्राओं एवं अध्यापकों को सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाया गया। योग अभ्यास के दौरान सुनील कुमार ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शरीर निरोग रहता है और व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि नियमित सूर्य नमस्कार से तंदुरुस्ती बनी रहती है तथा कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। विद्यालय के प्रिंसिपल साहब राम ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने से जीवन में स्फूर्ति बनी रहती है और व्यक्ति निरोगी रहता है।

हिसार। सूर्य नमस्कार का अभ्यास करती छात्राएं।

एमडी की अध्यक्षता में डीएचबीवीएनएल की समीक्षा बैठक संपन्न

खतरनाक पोल हटाने और ढीले तार ठीक करने का लक्ष्य तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में गुरुवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विद्युत सदन के कॉन्फ्रेंस रूम में संपन्न हुई।

प्रबंध निदेशक ने बिजली वितरण व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को स्पष्ट लक्ष्य देते हुए बीच सड़कों में खड़े बिजली के पोल बदलने तथा झुके हुए (टिल्टेड) पोलों को हटाने का कार्य 10 फरवरी तक पूरा करने को कहा गया है। खेतों में लटक रही ढीली बिजली तारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए फरवरी के अंत तक जीपीएस सर्वे कराने और ऐसे सभी स्थानों को 30 अप्रैल तक ठीक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही खतरनाक पोलों को तुरंत शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

हिसार। बिजली निगम अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एमडी विक्रम सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

बैठक में इन कार्यों की हुई समीक्षा

एमडी ने बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति, एचवीपीएन एवं डीएचबीवीएन के पावर ट्रांसफॉर्मरों पर ओवरलोडिंग की स्थिति, डीसी कार्यालयों में स्थापित या स्थापित किए जाने वाले सोलर संयंत्रों की रिपोर्ट, डिफॉल्टिंग राशि की वसूली की प्रगति, ट्यूबवेल कनेक्शनों की स्थिति, खतरनाक लाइनों के शिफ्टिंग कार्य आदि की समीक्षा की गई।

बिल समय पर जारी करने के निर्देश

एमडी सिंह ने मेरा गांव जगमग गांव योजना की प्रगति, लंबित सोलर नेट मीटरिंग के मामले, प्रोविजनल बिलिंग, गलत तरीके से लगाए गए, झुके हुए या निष्क्रिय व टूटे पोलों के सुधार कार्य तथा वारंटी अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मरों की मरम्मत पर चर्चा की। सोलर उपभोक्ताओं के बिल समय पर जारी करने के निर्देश दिए गए।

त्रुटियां जल्द ठीक हों

निगम ने सबस्टेशनों पर ओवरलोडिंग को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त करने, खराब मीटर बदलने और औसत बिलों में त्रुटियों को ठीक करने पर जोर दिया है। उन्होंने डिफॉल्टर उपभोक्ताओं चाहे वे जुड़े हों या डिस्कनेक्ट के खिलाफ लैंड रिकवरी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू करने को कहा गया है। ट्यूबवेल कनेक्शनों के मामले में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन उपभोक्ताओं ने 31 दिसंबर 2025 तक अनुमानित राशि जमा कर दी है, उनके कनेक्शन प्राथमिकता पर जारी करने को कहा गया है। इस बैठक में निदेशक (ऑपरेशन) विपिन गुप्ता, निदेशक (वित्त) रतन कुमार वर्मा सहित मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अभियंता अधिकारी, मुख्य अभियंता (ऑपरेशन) हिसार एवं दिल्ली, डीएचबीवीएन के अंतर्गत कार्यरत सभी ऑपरेशन के अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे।

गोसेवक स्व. मोहनलाल लाहौरिया की पुण्यतिथि पर हवन कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रसिद्ध गोसेवक व समाजसेवी स्व. मोहनलाल लाहौरिया की आठवीं पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को भी याद किया गया।

लाहौरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्वदेश शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन किया। उपस्थितजनों ने हवन में आहुति डालते हुए जनकल्याण की कामना की और स्व. लाहौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

हवन व श्रद्धांजलि सभा के दौरान सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल सर्राफ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक पवन जिंदल, भाविप केशव शाखा के सचिव दीपक गौतम, संदीप कोकचा, विजय शर्मा, तरुण खुराना, ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारेलाल लाहौरिया, स्व. मोहनलाल लाहौरिया की पत्नी सीता देवी, व अश्विनी लाहौरिया सपरिवार उपस्थित रहे। लाहौरिया एजुकेशन सोसायटी के सचिव सुरेंद्र लाहौरिया ने बताया कि स्व. मोहनलाल लाहौरिया को देशभक्ति के संस्कार विरासत में मिले।

हिसार। स्व. मोहनलाल लाहौरिया की आठवीं पुण्यतिथि पर हवन में हिस्सा लेते परिवारजन व गणमान्य लोग। *फोटो : हरिभूमि*

खबर संक्षेप

अशोक बने भाजपा बजट टोली के जिला संयोजक

हिसार। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मित्तल को जिला बजट टोली का संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला बजट टोली के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी नेता अशोक मित्तल को हिसार जिला बजट टोली का संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुरेन्द्र लाहौरिया, सुमित, अनिल गोदारा व पवन जैन को सह संयोजक बनाया है।

भगवान परशुराम सभा के प्रधान बने हरि किशन

हिसार। श्री भगवान परशुराम सभा हिसार की आम सभा की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से हरि किशन शर्मा को पुनः प्रधान चुना गया। इसके अलावा कुलभूषण शर्मा को उप प्रधान, रविन्द्र शर्मा को सचिव, ओमप्रकाश शर्मा को सह सचिव, मोहन कौशिक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. विजेंद्र वत्स, गोपीराम शर्मा, रविन्द्र मौदगिल, सुंदर शर्मा, मनोज कुश, सुशील कौशिक, महीप मौदगिल, महादेव पारीक को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इसके अलावा पृथ्वी घिराइया, विजय शांडिल्य व अशोक कुमार शांडिल्य को समिति के संरक्षक बनाया गया।

ध्यान सत्र का आयोजन 1 फरवरी को होगा

हिसार। ओशो ध्यान उपवन में 1 फरवरी को ध्यान और प्रेम के रंग अनेक विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले इस सत्र में साधकों को ध्यान व सच्चे प्रेम की परिभाषा समझाई जाएगी। इस दौरान स्वामी संजय व मां सांची सतगुरु ओशो की देशनाओं से रूबरू करवाते हुए ध्यान विधियों का अभ्यास भी करवाएंगे। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि प्रेम के अनेक रंग हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा प्रेम अहंकार को समाप्त करके समर्पण भाव उत्पन्न करता है। अहंकार अड़ना जानता है और प्रेम झुकना जानता है।

सरकारी स्कूल की 67 छात्राओं को बांटे जूते

हिसार। सर्व कल्याण मंच ने समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को जूते वितरण किए जाने की कड़ी में पुरानी मंडी रोड़ स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 67 जरुरतमंद छात्राओं को जूते वितरण किए गए। मुख्य अतिथि के रुप में उद्योगपति अनुपम व नगर निगम के सचिव संजय शर्मा उपस्थित हुए। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष अशोक पूनिया, मुख्य सलाहकार सुशील मंगाली, सह सलाहकार साधिका अरोड़ा, अधिवक्ता प्रदीप पाराशर, प्रदीप सर्राफ, पवन गोयल काका, अल्मा कुहाड़, श्याम गिरधर के अलावा स्कूल के प्रिंसीपल कृष्ण कुमार, वाईस प्रिंसीपल सुनीति आदि थे।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बैठक

हिसार। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को अतिरिक्त उपायुक्त नीरज की अध्यक्षता में मंगलमुखी समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने मंगलमुखी समाज से आह्वान किया कि वे जिले में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें, ताकि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और स्वीकार्यता का संदेश जाए। मंगलमुखी समाज की ओर से महंत देवकी शर्मा ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए समाज अपनी पारंपरिक रूढ़ियों को तोडने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हांसी में शराब पार्टी के मामले में आया नया मोड़

परिजन बोले- इत्तेफाक नहीं था युवक-युवती का छत से गिरना, जानबूझकर दिया गया था धक्का

छत से गिरकर युवती की हो गई थी मौत और युवक हुआ था घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी मंदिर मार्ग स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के समीप गत शनिवार देर रात एक कार्यालय के ऊपर बने कमरे में चल रही शराब पार्टी के दौरान से छत से गिर कर एक युवती की मौत तथा युवक के घायल होने के मामले में युवक के परिजनों ने गुरुवार को शहर थाना पहुंच युवक व युवती को जानबूझकर कर धक्का देने का आरोप लगाया। हादसे में घायल ढाणी शोभा निवासी विकास के चाचा सुभाष पंच ने बताया कि ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास छत से गिरने से हुई एक लड़की की मौत व उसके भतीजे के घायल होने का वाकया महज इत्तेफाक नहीं था बल्कि वहां मौजूद अन्य युवकों द्वारा इसे जानबूझकर कर अंजाम दिया गया था। सुभाष पंच ने बताया कि हादसे के बाद कमरे में मौजूद युवकों की ओर से उन्हें रुपये का प्रलोभन दिया जा रहा है। जिससे उनका शक और ज्यादा गहरा गया है।

समझौते के हो रहे प्रयास

उन्होंने बताया कि छत से गिरने के बाद से उसके भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है और वह अभी तक होश में नहीं आया है जबकि कमरे में मौजूद युवकों द्वारा रुपए लेकर समझौता करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मामले को लेकर सरपंच प्रदीप लादी के नेतृत्व में काफी संख्या में ढाणी शोभा व शेखपुरा ग्रामीणों ने शहर थाना पहुंच निष्पक्ष जांच की मांग की।

पुलिस कर रही जांच

घायल युवक विकास के परिजनों द्वारा जानबूझकर कर धक्का दिए जाने का शक जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करने को लेकर शिकायत दी गई है। पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

-सुखजीत सिंह, प्रभारी, शहर पुलिस थाना।

हांसी। शहर थाना पहुंचे घायल विकास के परिजन व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

जानिए...ये था मामला

श्री काली देवी मंदिर के समीप स्थित ब्रह्मकुमारीज आश्रम के समीप शनिवार रात को एक दुकान के ऊपर बने कमरे में चार युवक व एक युवती शराब पार्टी कर रहे थे कि इसी दौरान एक युवक व युवती अचानक छत से नीचे आ गिरे। छत से गिरने के बाद युवती की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसका हिसार के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने मृतक युवती रजनी के परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई की थी और युवती के परिजनों द्वारा उसका शव लेने से मना किए जाने के बाद उसका अंतिम संस्कार भी हांसी में करवाया गया था।

निरंकारी भवन रोड पर करवाई मुनादी अगले हफ्ते से हटाया जाएगा अतिक्रमण

हिसार। अतिक्रमण हटवाते निगम अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हिसार। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और बाजारों को व्यवस्थित करने की दिशा में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अपनी कार्रवाई को अब सख्ती के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दे दिया है। इसी कड़ी में निगम टीम ने निरंकारी भवन रोड पर मुनादी करवाई और स्पष्ट कर दिया कि अगले सप्ताह से यहां अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। नगर निगम का यह अभियान केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पहले जागरूकता और चेतावनी के जरिए लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जा रहा है। यह कदम मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज के निर्देशों पर उठाया गया है। अभियान का संचालन अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि अभियान की शुरुआत निरंकारी भवन रोड से की गई है, जहां दुकानदारों और रेहड़ी संचालकों को मुनादी के माध्यम से चेतावनी दी गई। इसके बाद निगम टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र, तलाकी गेट, गुलाब सिंह चौक, रेलवे रोड और राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क पर रखा सामान हटवाया गया तथा कुछ सामान जब्त भी किया गया।

हिसार। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा एवं अन्य।

सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत व समर्पण का प्रतिफल : प्रो. वर्मा

- लुवास में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), की ओर से विश्वविद्यालय के नए कैंपस में पशु चिकित्सा महाविद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह नए कैंपस में पहली बार आयोजित किया गया, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व एवं उपलब्धि का विषय रहा। कार्यक्रम में लुवास कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम वर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे ज्ञान, नवाचार और सेवा भावना के साथ पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दें तथा किसानों और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, लेखा नियंत्रक विकास खर्ब, सहायक जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सतीश जांगड़ा, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, प्राध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक छात्र कल्याण निदेशिका डॉ. दिव्या, डॉ. सोनू, डॉ. अनीता दलाल एवं डॉ. तरुण सहित संकाय सदस्यों की कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सक्रिय सहभागिता रही।

समाधान शिविर में अनुपस्थित अधिकारियों पर डीसी ने दिखाई नाराजगी

शिविर में आने वाली हर समस्या का प्रभावी समाधान करें अफसर

लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने वीरवार को समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई करें। साथ ही शिविर में डीसी अनुपस्थित रहे अधिकारियों को कार्यालय में रिपोर्ट करने तथा लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। समाधान शिविर में गांव शाहपुर निवासी एक प्रार्थी द्वारा निशानदेही उपरांत सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने संबंधी मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला राजस्व अधिकारी को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नवदीप कॉलोनी निवासी एक प्रार्थी द्वारा गली निर्माण में अनियमितता बरतने व गली के निर्माण उपरांत कुछ मकान मालिकों द्वारा गली को उखाड़ कर ऊंची करने तथा मिल गेट निवासी एक प्रार्थी ने महाराजा सूरजमल पार्क नजदीक पुरानी सब्जी मंडी के पीछे कब्जा हटवाने की शिकायत पर डीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव मतलोडा निवासी मोहित द्वारा उनके पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में आयु ठीक करवाने की मांग पर तथा विजय नगर निवासी रामचंद्र बजाज द्वारा परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों को प्रार्थियों के समक्ष आ रही समस्या को दुरुस्त करवाने को कहा।

हिसार। जन शिकायतें सुनते तथा अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी महेंद्र पाल।

ये अधिकारी रहे उपस्थित

समाधान शिविर में एसडीएम ज्योति मित्तल, सीटीएम हरिराम, जिला पंचायत एवं विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार, जिला परिषद की उप-मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

फरवरी के पहले सप्ताह शुरू हो जाएगा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन : खोथ

हांसी। नगर परिषद श्री श्याम बाबा मंदिर के आसपास एक सार्वजनिक शौचालय बनवाना सुनिश्चित करें। यह शौचालय ऐसी जगह बनवाया जाए जहां अधिक से अधिक लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके। यह आदेश एसडीएम खोथ गुरुवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते वक्त नगर परिषद अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए यथाशीघ्र स्थान का चयन कर उस जगह पर शौचालय के निर्माण कार्य को शुरू करवाया जाए। वहीं शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर की गई एक शिकायत पर एसडीएम खोथ ने कहा कि शहर में डोर टू डोर कूड़ा करकट उठान को लेकर तैयार किए गए प्रस्ताव को सरकार की ओर से मंजूरी मिल चुकी है।

आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने एक अन्य शिकायत के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह शहर के वार्ड नंबर 19 में सीवरेज लाइन की सफाई का कार्य आगामी एक माह के अंदर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसडीएम खोथ ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं तथा सेवाओं के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी एवं लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

पेट्रोल-डीजल को टैक्स कम कर जीएसटी के दायरे में लाया जाए: गर्ग

- गर्ग ने प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को पत्र लिखा

हिसार। अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार को केंद्रीय वार्षिक बजट में आय टैक्स अधिकतम 20 प्रतिशत तक करना चाहिए और आय टैक्स में छूट पूरी तरह से 12 लाख तक होनी चाहिए। 12 लाख से ऊपर ही आय टैक्स लिया जाए न कि चार लाख से ऊपर आय टैक्स लेने का नियम खत्म किया जाए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल व डीजल पर अनाप-शनाप वेट लगाना गलत है। केंद्र सरकार को पेट्रोल व डीजल पर टैक्स कम कर के उन्हें भी जीएसटी के दायरे में लाना चाहिए। सरकार ने जिन वस्तुओं पर टैक्स नहीं था उन वस्तुओं पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगा दिया। जिन वस्तुओं पर पांच प्रतिशत वेट कर था उन पर 18प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता की जेबों में डाका डालने का काम किया है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अपार विकल्प : प्रो. काम्बोज

हिसार। पुस्तिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल रा प्रकाशित दो पुस्तकों का विमोचन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से प्रकाशित दो पुस्तकों का विमोचन किया। इन पुस्तकों में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर और कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के वर्ष 2024-25 के दौरान निजी क्षेत्र की कंपनियों में चयनित हुए विद्यार्थियों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न रोजगार मेले आयोजित किए गए। इन रोजगार मेलों में देश की प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियों में विश्वविद्यालय के 53 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इनमें कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के 38 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिनमें अधिकांश विद्यार्थियों ने बीएससी, एमएससी व एमबीए की डिग्रियां प्राप्त की है।

साइबर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

हांसी। साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी की रकम में से 17 हजार रुपये बरामद किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है और पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। एसआई सज्जन ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व बलिंद्र सिंह द्वारा साइबर थाना में शिकायत दी गई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उससे टास्क पूरा करने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। बलिंद्र की शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जांच एवं गहन तफ्तीश की गई। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के सादुलशहर निवासी भारत को गिरफ्तार कर लिया।

अधिक आय दिखा बुजुर्गों की पेंशन काटना गलत, इनेलो करेगी विरोध : किरमारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आय अधिक दिखाकर बुजुर्गों की पैंशन काटी जा रही है वहीं कुछ माह पहले ही बेमौसमी बरसात से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा भी किसानों को अभी तक नहीं दिया गया है। अब एक बार फिर कई गांवों में हुई ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। इनेलो पेंशन काटने का विरोध करेगी। यह सम्मान भत्ता जननायक चौ. देवीलाल ने उस समय मात्र 100 रुपये से शुरू किया था लेकिन भाजपा सरकार इस सम्मान भत्ते को काट रही है, जो बुजुर्गों का अपमान भी है।

हिसार। ग्रामीणों से बातचीत करते इनेलो प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा।

दोगली नीतियां अपना रही भाजपा

दलबीर किरमारा उकलाना क्षेत्र के गांव सिवानी बोलान में ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जो दोगली नीतियां अपनाती है। चुनाव से पहले भाजपा ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2100 रुपये देने की घोषणा की थी लेकिन चुनाव के बाद इस योजना में अनेक तरह की शर्तें लगाकर प्रदेश की अधिकतर महिलाओं को इस योजना से बाहर कर दिया। इसी तरह बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग व अन्य श्रेणियों को दी जाने वाली सम्मान भत्ता राशि पर भी भाजपा ने कैंची चलानी शुरू कर दी है और आय अधिक दर्शाकर बुजुर्गों की पैंशन काटी जा रही है।

ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज की स्मृति में हवन-यज्ञ का आयोजन

भागवत कथा से पहले निकाली शोभायात्रा, संत मंडली और श्रद्धालुओं ने पूरे रास्ते अपने हाथों से खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शांति नगर स्थित परमहंस श्री योग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर कुटिया में ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज के स्मृति दिवस पर हवन व सत्संग आयोजित किया गया। इससे पूर्व संत रामानंद महाराज के सान्निध्य में कुटिया मोक्षद्वार, डोगरान मौहल्ला से ब्रह्मज्ञान मंदिर कुटिया तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में शामिल रथ को पूरे रास्ते श्रद्धालुओं ने तथा संत मंडली ने अपने हाथों से खींचा। शोभा यात्रा के ब्रह्मज्ञान मंदिर पहुंचने पर हवन किया गया। हवन में उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली। इसके बाद सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। एक सप्ताह पूर्व शुरु की गई भागवत कथा की सम्पूर्णता की गई।

हिसार। रथ को अपने हाथों से खींचते संत रामानंद महाराज व संत मंडली।

भागवत कथा अनंत

संत रामानंद महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि यह भागवत स्वरूप का अनुभव कराने वाला समस्त देवों का सार है। संसार में फंसे हुए जो लोग अज्ञान व अंधकार से पार जाना चाहते हैं, उनके लिए आध्यात्मिक तत्वों को प्रकाशित करने वाला यह अद्वितीय दीपक है। भागवत कथा अनंत है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण के प्रेमामृत में बहाया गया एक भी आंसू सौ यज्ञों के सामान है। सत्संग में अन्य संतों ने भी प्रवचन दिये।

आदमपुर। विकास कार्यों का उद्घाटन करते युवा नेता भव्य बिश्नोई।

दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा भारत : बिश्नोई

आदमपुर। भाजपा के युवा नेता भव्य बिश्नोई ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की दूरदर्शी, विकासकारी नीतियों की वजह से देश की आर्थिक नींव मजबूत हुई है। पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, जिसका सीधा फायदा देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को पहुंचा है। वे आज आदमपुर हलके के विभिन्न गांवों में सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान लोगों से बातचीत कर रहे थे। भव्य बिश्नोई ने दो दिनों में आदमपुर हलके में खाल, श्मशान भूमि के शैड, चारदिवारी, एससी चौपाल में कमरों, गांव के रास्ते, पानी की टंकी, पार्क, लाईब्रेरी सहित विकास कार्यों से जुड़े कुल 1 करोड़ 25 लाख 29 हजार रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005